PTCUL

# पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
CIN:- U40101UR2004SGC028675

## मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग

विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002
E-mail:- hr@ptcul.org
दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 वैबसाईट www.ptcul.org

पत्रांकः 1762 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / दिनांकः 18.11.2025

## कार्यालय ज्ञाप

कारपोरेट मुख्यालय में विभिन्न विषयों पर ऑन लाईन माध्यम से आहूत बैठकों के सुचारू संचालन हेतु बैठक मे प्रतिभाग करने वाले कार्मिकों को उक्त के सम्बन्ध में सूचित करने, व्हाट्सएप पर बने सम्बन्धित ग्रुप में ऑन लाईन लिंक उपलब्ध कराने, बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त कार्मिकों से समन्वय स्थापित करने, उन्हें ऑन लाईन लिंक से ससमय जोड़ने तथा पिटकुल डैश–बोर्ड के कार्यों हेतु श्रीमती प्रेरणा शर्मा, अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0) पिटकुल, देहरादून को उनके वर्तमान कार्यदायित्वों के साथ–साथ उपरोक्त कार्यों का भी निर्वहन किये जाने हेतु एतदद्वारा निर्देशित किया जाता है।

श्रीमती प्रेरणा शर्मा, अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0) पिटकुल देहरादून का यह दायित्व होगा कि वह व्हाट्सएप ग्रुप से ऑन लाईन बैठक की सूचना प्राप्त करने के उपरान्त ग्रुप में ऑन लाईन लिंक उपलब्ध करायेंगी, बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त कार्मिकों से समन्वय स्थापित करने के साथ–साथ उन्हें ऑन लाईन माध्यम से बैठक में भी जोड़ेंगी तथा बैठक में स्वंय उपस्थित रहने के साथ–साथ अपने अधीनस्थ अवर अभियन्ता की उपस्थिति भी सुनिश्चित करेंगी।

इसके अतिरिक्त श्रीमती प्रेरणा शर्मा, अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल डैश–बोर्ड पर प्रदर्शित समस्त सूचनाओं को अद्यतन करवाने हेतु सम्बन्धित कम्पनी एवं सम्बन्धित अनुभागों से समन्वय स्थापित करते हुए दिन–प्रतिदिन की कार्य प्रगति से प्रबन्ध निदेशक महोदय को अवगत कराना सुनिश्चित करेंगी।

उपरोक्त कार्यों के प्रभावी निष्पादन हेतु श्रीमती प्रेरणा शर्मा, अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0) के अधीनस्थ तैनात अवर अभियन्ता उनको सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करेंगे।

एतदद्वारा यह भी निर्देशित किया जाता है कि श्री राजीव सिंह, अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), पिटकुल मुख्यालय में आहूत समस्त बैठकों के प्रारम्भ होने से अन्त तक सूचना प्रौद्योगिकी टीम के साथ बैठक में उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।

उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रवृत्त होंगे।

**प्रबन्ध निदेशक**

**पत्रांक : 1762 / मा0सं0एवंप्र0वि0 / पिटकुल / ईओ–4, तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल, देहरादून को प्रबन्ध निदशक महोदय के संज्ञानार्थ।
2. निजी सचिव–निदेशक (मा0सं0) / (परिचालन) / (परियोजना), पिटकुल को निदेशकगणों के संज्ञानार्थ।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता / महाप्रबन्धक, पिटकुल.......................।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता / उपमहाप्रबन्धक, पिटकुल, ..........................।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल.........................।
6. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0) को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को कारपोरेशन की वैबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।
7. सम्बन्धित अधिकारी / कट फाईल।

(ए0के0 जुयाल)
महाप्रबन्धक (मा0सं0)